हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025
[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]



## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम करनपुर निवासी स्व. पुसनी बाई का सांप के काटने से 06 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके नाती नवीन राम, सुनिल राम, सुनीता बाई एवं नीलम बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहा ग्रामीण गया जेल

**अम्बिकापुर।** घर से नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने ग्रामीण के पास से बड़ी संख्या नशीले इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। लुण्ड्रा क्षेत्र में गश्त कर रही संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि लुंड्रा थाना अंतर्गत पार्वतीपुर निवासी शैलेश पैकरा नामक व्यक्ति अपने घर से प्रतिबंधित इंजेक्शन बेच रहा है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल उड़नदस्ता टीम के साथ शैलेश पैकरा के घर दबिश दी। घर की तलाशी लेने पर एक अलमारी में एक थैले से 35 नग नशीले बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। इस दौरान मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।

### छग स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय राज्योत्सव 2 से

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 2 से 4 नवम्बर 2025 तक जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राज्य की संस्कृति, परंपरा और गौरव को दर्शाने वाले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर निवासरत कलाकारों द्वारा बैंड, संगीत, लोक नृत्य, लोक गीत तथा अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। राज्योत्सव का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाना है। राज्योत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी या समूह अपने प्रस्तुतीकरण हेतु एपीसी, समग्र शिक्षा (सर्व शिक्षा अभियान) से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में शामिल होने वाले कलाकारों की फाइनल प्रस्तुति 30 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। चयनित प्रस्तुतियां राज्योत्सव के मुख्य मंच पर प्रदर्शित की जाएंगी।

### खरीफ व रबी वर्ष के लिए समीक्षा बैठक 28 को

**अम्बिकापुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में खरीफ वर्ष 2025 की समीक्षा एवं रबी वर्ष 2025-26 के कार्यक्रम निर्धारण हेतु सरगुजा संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक दिनांक 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभागार सूरजपुर में संपन्न होगी। बैठक में खरीफ मौसम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, आगामी रबी मौसम के लिए कार्यक्रमों एवं लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा जिससे कृषकों को समय पर तकनीकी सहायता एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

# छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान बनेगा जशपुर जम्बूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- छत्तीसगढ़ के जशपुर में सजेगा रोमांच, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत उत्सव

छत्तीसगढ़ का पर्वतीय और हरियाली से आच्छादित जिला जशपुर एक बार फिर उत्सव, संस्कृति और रोमांच का केंद्र बनने जा रहा है। यहां आगामी 6 से 9 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले 'जशपुर जम्बूरी 2025' में प्रदेश और देशभर से पर्यटक प्रकृति की गोद में रोमांचक अनुभवों, जनजातीय परंपराओं और सामुदायिक उत्सव के रंगों का आनंद लेंगे।



**लोककला, संगीत और बोनफायर नाइट्स से सजेगा हर शाम का माहौल:** हर शाम बोनफायर नाइट्स में जनजातीय लोकनृत्य, संगीत और हंसी से भरी संध्याएँ होंगी। पारंपरिक गीतों की धुन और आग की लपटों के बीच साझा होती मुस्कानें इस आयोजन को आत्मीयता का नया अर्थ देंगी। फेस्टिवल में स्थानीय व्यंजनों का विशेष स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेगा। स्थानीय पारंपरिक पकवानों के स्वाद से पर्यटक छत्तीसगढ़ की मिट्टी की असली महक महसूस करेंगे।'



**खुले आसमान तले स्टार गेज़िंग सेशन्स:** रात्रिकालीन आयोजनों में स्टार गेज़िंग सेशन्स विशेष आकर्षण होंगे। तारों से सजे जशपुर के निर्मल आसमान में सैकड़ों नक्षत्रों को निहारने का अनुभव आगंतुकों को अद्भुत शांति और विस्मय का एहसास कराएगा।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी बढ़ेगी पहचान



इस आयोजन में देशभर से एडवेंचर प्रेमी, फोटोग्राफर, ट्रैवल ब्लॉगर और इनफ्लुएंसर भाग लेंगे, जिससे जशपुर की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल माध्यमों से और सशक्त होगी। हमारा प्रयास है कि जशपुर की प्रकृति और संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान मिले। जशपुर जम्बूरी 2025 न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को प्रखर करेगा, बल्कि पर्यटन, उद्यमिता और सामुदायिक सहभागिता को नई ऊर्जा देगा। ऐसे आयोजन स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी पैदा करते हैं। जशपुर के लोग जितने सादगीपूर्ण हैं, उतने ही उत्साही और साहसी भी हैं। 'जशपुर जम्बूरी' जैसे आयोजन इस क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित कर रहे हैं। यह फेस्टिवल छत्तीसगढ़ को 'एडवेंचर टूरिज्म हब' के रूप में आगे बढ़ाएगा।

**- विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री छग।**

## गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने खेल मैदानों, एकेडमी और स्टेडियम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- आगामी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के तैयारी के संबंध दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर को खेलों का गढ़ बनाने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर जिला प्रशासन स्वीकृत खेल मैदानों, अकादमियों और स्टेडियमों के निर्माण को गति दे रहा है। साथ ही राज्य स्तरीय खेल आयोजनों की तैयारी भी तेजी से चल रही है, ताकि खिलाड़ियों को बड़े मंच मिल सकें।

इसी कड़ी में कलेक्टर श्री व्यास ने गुरूवार को इन्डोर बैडमिंटन स्टेडियम, तरण ताल, जिला चिकित्सालय के समीप इण्डोर स्टेडियम, ताइक्वाडों स्टेडियम और निर्माणाधीन बास्केटबाल स्टेडियम का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अगामी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरूवार को इन्डोर बैडमिंटन स्टेडियम का निरीक्षण किया।



**छठ घाटों में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा:** कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को जशपुर के दोनों प्रमुख तालाबों के छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटो पर लाइटिंग की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने तलाबों में प्रशिक्षित गोताखोरों की व्यवस्था करने के और आवश्यक बचाव उपकरण और कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा उन्होंने घाटो तक पहुंचने वाले मार्गों को दुरुस्त करने के साथ ही कचरा निष्पादन की व्यवस्था करने और पार्किंग स्थल चिन्हांकित करने को कहा।

इस दौरान उन्होंने स्टेडियम में बेहतर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सीपेज समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### आधुनिक शिक्षण सुविधाएं होंगी उपलब्ध

कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को जशपुर के गम्हरिया स्थित शासकीय दृष्टि बाधितार्थ बालक-बालिका विशेष विद्यालय के निकट दिव्यांग बच्चों हेतु बनने वाले आदर्श आवासीय परिसर के लिए चिन्हांकित स्थल का निरीक्षण किया। 01 करोड़ 77 लाख 43 हजार रुपए की लागत से बनने वाले इस परिसर का उद्देश्य दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है। इस आवासीय परिसर में दृष्टि बाधितार्थ विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6वीं से 12वीं तक तथा श्रवण बाधित विद्यार्थियों के लिए कक्षा पहली से 12वीं तक की शिक्षा उपलब्ध कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता, समाज कल्याण विभाग के सहायक अधीक्षक वेद प्रकाश कुलदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# छठ घाट का विधायक साय ने किया निरीक्षण



**पत्थलगांव।** सरगुजा प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने पुरन तालाब छठ घाट का निरीक्षण किया। शुक्रवार की शाम को विधायक ने छठ घाट का निरीक्षण करते हुए कहा कि आप लोगों ने काफी मेहनत की है अच्छा काम किया है बहुत भव्य और सुंदर दिख रहा है।

छठ घाट पूरे छठ घाट को देख कर काफी खुश हुई इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष भोजपुरी समाज के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, संरक्षक मनोज तिवारी, बच्चन दुब्बे, अशोक श्रीवास्तव, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता, उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, प्रमोद साहू, कृष्णा सिंह, रामानन्द सिंह, वीरेंद्र तिवारी, सचिव राजीव साहू, बंटी सिन्हा, आदित्य मिश्रा, राजेश साहू सोनू रजक,सहित भोजपुरी समाज के लोग उपस्थित रहे। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने बताया कि विधायक गोमती साय के छठ घाट में पहुचने से काफी खुशी हुई छठ पूजा में 28 अक्टूबर दिन मंगलवार को पहुचेंगी वही पे छठ घाट पचरी निर्माण की लागत 40 लाख रुपए का भूमिपूजन करेंगी आपको बता दे भोजपुरी समाज पूर्व में विधायक के समक्ष पचरी निर्माण की मांग रखा था जिसकी घोषणा पिछले वर्ष छठ पूजा के दौरान अपनी घोषणा कर एक तरफ पूरा पचरी निमार्ण करने स्वीकृति दी थी। जो अब पूरा होने वाला है। अब आगे वर्ष से छठ पूजा करने में दिक्कत नहीं होगी।

# 21 घंटे बाद डेम से युवक का निकाला गया शव

- एसडीआरएफ टीम ने किया रेस्क्यू पूरा

**जशपुरनगर।** कुनकुरी के छठ घाट स्थित डेम में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत के बाद करीब 21 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाल लिया गया। शव को एसडीआरएफ अंबिकापुर की प्रोफेशनल टीम ने मात्र एक घंटे की रेस्क्यू कार्रवाई में खोज निकाला।



घटना बीते कल गुरुवार शाम करीब 04 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, युवक नहाने के दौरान अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही कुनकुरी पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। शुरुआती प्रयास में स्थानीय गोताखोरों एवं जशपुर से पहुंची डीडीआरएफ टीम ने पूरी रात रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। स्थिति गंभीर होती देख प्रशासन ने अंबिकापुर से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। बुधवार सुबह टीम के पहुंचते ही करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद शव को पानी से बाहर निकाल लिया गया है और पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।घटना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा रही। भीड़ को नियंत्रित करने एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मृत युवक की पहचान चुनू राम, निवासी तुरी बस्ती, कुनकुरी के रूप में हुई है। वहीं इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। इस बड़ी हादसे में डूबे शव को निकालने कार्यवाही के अनुसार कुनकुरी एसडीएम नंद पांडे, एसडीओपी विनोद कुमार मंडावी, थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव, तहसीलदार प्रमोद पटेल की अहम भूमिका रही साथ ही पुलिस बल तैनात रहे।

# झिमकी के जंगल में 39 हाथियों ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

- दर्जनों गांवों में वन विभाग ने जारी किया अलर्ट
- ग्रामीणों से छेड़खानी न करने की अपील

जिले के पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में ग्राम पंचायत झिमकी के जंगलों में 39 हाथियों ने डेरा डाल दिया है। वन विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर ग्रामीणों को अलर्ट कर रही है। हाथियों से दूरी बनाने सहित छेड़खानी न करने की अपील वन विभाग कर रहा हैं।

पत्थलगांव रेंजर कृपासिंधु पैकरा ने बताया कि कोरबा धर्मजयगढ़ के जंगलों से 4 हाथियों का दल एक होकर पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है।



हाथियों के दल में शावकों मादा सहित नर हाथी टीजेएमई 8,जेपीएमई 36 सहित अन्य हाथी सहित कम 39 हाथी ने शुक्रवार शाम तक झिमकी के जंगलों में डेरा जमाया हुआ है। विभाग लगातार हाथियों के मूवमेंट पर मॉनिटरिंग कर आम जन को सुरक्षित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम झिमकी, खुटापानी, महेशपुर, खमगड़ा, कोकियाखार, जामझोर, मधुबन, आमाटोली, पटवाजोर, सागरपाली, पतराटोली, सहित आस पास के ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है। वही गुरुवार रात को इसी झुंड ने कोकियाखार, बरखोरिया, झिमकी के 7 किसानों की लागभग 10 एकड़ की तैयार खड़ी धान की फसल को खा कर व रौंद कर खेतो में उत्पात मचाने से किसानों का नुकसान हुवा है। जिसका वन विभाग आंकलन कर प्रकरण तैयार कर मुवाबजा देने की बात कर रहा है। वही हाथियों के इलाके में आने से ग्रामीण किसानों की रातों की नींद भी हराम हो गई है।

किसानों को डर है कि कहीं हाथी उनके घरों खेतों की तरह रुख करेंगे तो घरों को भी तहस-नहस कर देगें खेतों ले पक रही धान की फसल को चट कर जाएंगे। हाथी घरों में रखे अनाज को खाने के लिए किसानों के घर भी तोड़ देते हैं। जिसके भय से ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हो गए हैं।

## कांग्रेसियों की झूठ की राजनीति को समझ रही है जशपुर की जनता

# जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का हो रहा है ऐतिहासिक विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा के सुशासन का दिख रहा है असर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए दो साल में ऐतिहासिक कदम उठाएं है। जशपुर में मेडिकल कालेज शुरू करने के लिए 220 बिस्तर की क्षमता वाली अस्पताल के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने अपने दूसरे बजट में स्वीकृति देते हुए इसके लिए 32 करोड़ की राशि भी जारी कर चुकी है। इसके लिए कांग्रेसियों को चिंता करने की नहीं जानकारी लेने की जरूरत है। जशपुर की जनता मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में जिले के हो रहे विकास की प्रत्यक्ष गवाह है।

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने बताया कि प्रस्तावित मेडिकल कालेज के संबंध में उन्होनें बताया कि इस अस्पताल के निर्माण के लिए चराईडांड़ के पास जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है। यह अस्पातल आगे चल कर मेडिकल कालेज का रूप लेगा। इस बीच,50 सीट से अस्थायी मेडिकल कालेज की पढ़ाई शुरू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसके लिए जशपुर के झरगांव में संचालित पालिटेक्निक कालेज भवन और कौशल विकास केंद्र भवन का प्रस्ताव रखा है। जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सालिक साय ने कहा कि मेडिकल कालेज शुरू हो जाने से जशपुर जिले की जनता की एक बरसों पुराना सपना पूरा हो जाएगा। इस बारे में कांग्रेसी पांच साल सरकार में रहने के दौरान सोच भी नहीं सके।







### जिले में 24 एंबुलेंस और 2 ट्रामा वैन

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने बताया कि इस समय जिले में 24 एंबुलेंस लोगों को सेवाएं दे रही है। कांग्रेस के शासन काल में इसकी संख्या 10 तक सिमटी हुई है। कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए तो यहां कुनकुरी में एक 3 एंबुलेस जिसमें एक एलएस एंबुलेंस (एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस) भी शामिल है। इसके साथ ही नारायणपुर,तपकरा, फरसाबहार, दुलदुला, कोल्हेनझरिया, करडेगा में एक-एक एंबुलेंस तैनात है। जिले के सभी 8 ब्लाक में एक-एक शव वाहन उपलब्ध कराया गया है। जिले में कहीं भी एंबुलेंस और शव वाहन की कोई कमी नहीं है।

### गांव से लेकर शहर तक अस्पतालों का विस्तार

सालिक साय ने कहा कि बीते दो साल के अंदर जिले के सुदूर ग्रामीण अंचल से लेकर शहरी क्षेत्र तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार ने काम किया है। जिला मुख्यालय में 35 करोड़ की लागत से जगदेव राम स्मृति अस्पताल भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह अस्पताल सीटी स्केन, एमआरआई, आपातकालिन चिकित्सा जैसे आधुनिक संसाधनों से लैस होगा। इसके लिए आवश्यक सभी पदों में भर्ती के लिए स्वीकृति देते हुए, प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही कुनकुरी में 8 करोड़ की लागत से मातृ शिशु अस्पताल और डायलिसिस केंद्र की स्वीकृति भी मिल चुकी है। जशपुर में फिजियोथेरेपी महाविद्यालय के लिए 14 करोड़ और कोतबा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 4.37 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गए हैं। गंभीर बीमारी से जूझ रहे जिलेवासियों को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत 62 मरीजों को 2.85 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाला गिरफ्तार



- बगीचा पुलिस की त्वरित कार्रवाई
- आरोपी समीर गयार भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

**जशपुरनगर।** महिलाओं और नाबालिगों के प्रति अपराध पर सख्त रवैया अपनाते हुए जशपुर पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। बगीचा थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

घटना 21 अक्टूबर 2025 की शाम करीब सात बजे की है। थाना बगीचा क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय नाबालिग बालिका अपनी सहेली के साथ घर लौट रही थी। इसी दौरान एक मारुति इको गाड़ी में तीन युवक पहुंचे, जो प्राथिया के परिचित थे। उन्होंने दोनों बालिकाओं को घर छोड़ने की बात कहकर गाड़ी में बैठा लिया। कुछ दूरी चलने के बाद प्रार्थिया को गाड़ी में असहज महसूस हुआ, जिसके चलते उसने बीच रास्ते में उतरने का निर्णय लिया। तभी गाड़ी में सवार एक युवक समीर गयार उम्र 22 वर्ष भी उसके पीछे उतर गया। वहीं गाड़ी में मौजूद अन्य दो युवक, प्रार्थिया की सहेली को उसके घर छोड़कर अपने-अपने घर चले गए। घर की ओर पैदल जा रही नाबालिग का आरोपी समीर ने पीछा किया और उसके साथ जबरन छेड़खानी का प्रयास किया। जब बालिका ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और धक्का देकर गिरा दिया। इस घटना में बालिका के गले, होंठ और सिर के पीछे चोटें आईं। बालिका के चिल्लाने पर आरोपी मौके से भाग गया। पीड़िता ने घटना की शिकायत बगीचा थाने में दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज किया और कार्रवाई शुरू की। आरोपी समीर गयार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 115(2), 74, 75(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

4
घर में सो रहे दंपती की हत्या
बिस्तर पर मिला शव





## खबर संक्षेप



### कलश यात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

**कटेली।** कटेली में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीमद् भागवत कथा एवं रात्रि कालीन रामायण की अविरल धारा प्रवाहित होने जा रही है। जिसका शुभारंभ विनोद भारद्धाज द्वारा पूजा अर्चना कर किया गया। जिसमें व्यास कथा पंडित तरुण शास्त्री महाराज जो की मां बमलेश्वरी धाम डोंगरगढ़ से हैं। यह कार्यक्रम 23 नवंबर गुरुवार से 31 नवंबर शुक्रवार तक चलेगी।

### स्कूटी में लगी आग बाल-बाल बची युवती

**राउरकेला।** हवाई अड्डे के सामने गुरूवार दोपहर एक चलती स्कूटी में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि स्कूटी चला रही युवती ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते गाड़ी रोक दी और सुरक्षित दूर हट गई। कुछ ही मिनटों में स्कूटी आग की लपटों में घिरकर पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना गुरूवार दोपहर करीब ढाई बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार युवती टीवीएस जुपिटर ऑडी 14 डी 5609 स्कूटी से स्पेस चौक से छेड्स स्थित अपने घर लौट रही थी। हवाई अड्डे के पास पहुंचते ही स्कूटी से अचानक धुआं उठने लगा। युवती ने गाड़ी रोककर जांच करने की कोशिश की तभी उसमें आग भड़क उठी। सूचना पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। सौभाग्य से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### दानसारा में आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. प्रिया रहेंगे उपलब्ध

**रायगढ़।** सराईपाली रोड स्थित प्रधान हॉस्पिटल दानसरा में मरीजों के जाँच एव परामर्श के लिए डॉ. आर हॉस्पिटल रायगढ़ के स्त्री, प्रसूति एवं आईवी एफ विशेषज्ञ डॉ. प्रिया 26 अक्टूबर रविवार को उपलब्ध रहेंगे। डॉ प्रिया यहाँ सुबह 10 बजे से 2 बजे तक रहेंगे। इस दौरान वे पंजीकृत मरीजों का जाँच व ईलाज करेंगे। प्रधान हॉस्पिटल में इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रबंधन की जानकारी के अनुसार डॉ. प्रिया अग्रवाल यहाँ निःसंतान संबंधित सम्पूर्ण परामर्श, आईवी एफ एक्सीआईयू आई अंडे एव भ्रूण दान संबंधित परामर्श के अलावा महिला एवं पुरुष का सम्पूर्ण परिक्षण, महवारी बंद हो चुकी महिलाओं का विशेष तकनीक से ईलाज, माइक्रो सर्जरी द्वारा बंद नालियों को खोलना, फैलोपियन ट्यूब पूंन निर्माण संबंधी जाँच व ईलाज करेंगे। इसके लिए अस्पताल के मोबाइल नं. में अग्रिम पंजीयन किया जा रहा है।



### एमसीएल के वाहन की टक्कर से सांड घायल

**सुंदरगढ।** हेमगिरि ब्लॉक अंतर्गत एमसीएल बसुंधरा कार्यालय के पास एक चार पहिया कंपनी वाहन ने एक काले सांड को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना एमसीएल स्टाफ कॉलोनी स्थित स्टेट बैंक के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन को काफी दूर तक पीछा किया गया, लेकिन उसे पकड़ा नहीं जा सका। हादसे में घायल सांड दो दिनों तक सड़क किनारे तड़पता रहा। बाद में कुछ दयालु नागरिकों ने अपने खर्चे पर उसे हेमगिरि पशु चिकित्सा अस्पताल पहुंचाया, जहाँ ब्लॉक बजरंग दल अध्यक्ष पितांबर किशान और उनके सहयोगियों की देखरेख में पशु चिकित्सक श्री नंद ने उसका इलाज प्रारंभ किया।

# एनआरवीएस प्लांट के फर्नेस में ब्लॉस्टः तीन श्रमिक झुलसे





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार की सुबह जिले के बड़े औद्योगिक ग्रुप एन आर इंडस्ट्रीज के पूंजीपथरा स्थित एनआरवीएस प्लांट में हुए जबरदस्त धमाके में तीन मजदूर बुरी तरह झुलस गए जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जाती है। घायलों को जिंदल फोर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हादसे के समय फार्नेस में लोहा गलाने का काम किया जा रहा था तभी उसमें विस्फोट हुआ जिसकी आवाज दूर तक सुनी गई और आसमान में दूर तक धुएं का गुबार देखा गया। इसके पहले भी एन आर प्लांट में लोहा गलाने के दौरान गर्म लोहा गिरने से दो मजदूर घायल हुए थे जिसमें से एक की इलाज के दौरान रायपुर में मौत हो गई थी। आज हुए हादसे की पूंजीपथरा पुलिस जांच कर रही है। एक हफ्ते में यह तीसरा मामला है जिसमें प्लांट में काम करने वाले मजदूर हादसे का शिकार हुए हैं। इसके पहले इंड एनर्जी में एक मजदूर 150 फिट की ऊंचाई से गिरा था। रायगढ़ जिले में लगातार हादसों में प्लांट के मजदूरों की मौत हो रही हैं। आज एनआरवीएस प्लांट में हुए हादसे का कारण भी सुरक्षा मानकों की कमी को बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, रायगढ़ जिले के तराईमाल में एनआरवीएस प्लांट में हर रोज की तरह आज भी प्लांट में काम चल रहा था। सुबह 7 बजे फर्नेस में अचानक जोरदार धमाका हुआ। ब्लास्ट की वजह से फर्नेस के करीब काम कर रहे तीन मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घायल मजदूरों में आजमगढ़ के रहने वाले 40 वर्षीय राम नारायण यादव की हालत गंभीर बताई जा रही है जिसे इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। अन्य दो घायलों का इलाज रायगढ़ के अस्पताल में चल रहा है। ब्लास्ट की सूचना मिलते ही पूंजीपथरा टी आई राकेश मिश्रा मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए हैं।

## हाइवा की चपेट में आकर बाइक सवार दो गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुदंरगढ़

हेमगिरि ब्लॉक क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने फिर से सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए। दुरुबगा गर्जनबाहाल मार्ग स्थित नहनाबुड़ा नाला के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार सुधांशु और सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए, हालांकि दोनों की जान बाल बाल बच गई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने सड़क जाम कर कोयला परिवहन रोक दिया। करीब एक घंटे बाद हाइवा मालिक द्वारा घायलों के इलाज का पूरा खर्च वहन करने का आश्वासन देने पर जाम हटाया गया और दोपहर दो बजे के बाद यातायात बहाल हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर हर दिन हजारों ट्रेलर और भारी वाहन गुजरते हैं, जिनमें कोयला ढोने वाले दस चक्के ट्रक प्रमुख हैं। नशे में धुत या अनुभवहीन चालकों की लापरवाह ड्राइविंग से आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर यातायात नियंत्रण और सख्त निगरानी की मांग की है।

**खास बात**
- नहनाबुड़ा नाला के पास हुआ हादसा, आक्रोश

## राउरकेला से भिलाई तक पहली बस सेवा शुरू

**आवागमन सुविधा के साथ दोनों राज्यों के बीच संबंध होंगे मजबूत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

ओडिशा के राउरकेला और छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर के बीच पहली यात्री बस सेवा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। 23 अक्टूबर गुरूवार की रात तिरूपति बालाजी ट्रैवल्स द्वारा शुरू की गई। इस बस सेवा का उद्घाटन ओडिशा विधानसभा के उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई ने किया।

उन्होंने कहा कि इस नई बस सेवा से न केवल राउरकेला और भिलाई के बीच आवागमन में सुविधा बढ़ेगी, बल्कि दोनों राज्यों के बीच व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध भी और मजबूत होंगे। यह बस राउरकेला से भिलाई तक प्रतिदिन चलेगी, जिससे यात्रियों को सीधी और आरामदायक यात्रा सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक, परिवहन विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे। भवानी शंकर भोई ने कहा कि इस प्रकार की सेवाए क्षेत्रीय विकास और जनसंपर्क को नई दिशा देती हैं। राउरकेला से भिलाई के बीच नियमित बस सेवा की शुरुआत गुरुवार रात औपचारिक रूप से कर दी गई। तिरुपति बालाजी ग्रुप की इस बस सेवा का उद्घाटन ओडिशा विधानसभा उपाध्यक्ष भवानी शंकर भोई ने राउरकेला बस स्टैंड में रिबन काटकर किया। यह बस राउरकेला से सुंदरगढ़, झारसुगुड़ा, संबलपुर, बरगढ़ और रायपुर होते हुए लगभग 500 किलोमीटर का सफर तय कर हर रोज सुबह 7 बजे तक भिलाई पहुंचेगी। बस में 15 स्लीपर और 30 सिटिंग सीटों की सुविधा उपलब्ध है। यह बस राउरकेला से रात 8.30 बजे तथा भिलाई से रात 8.45 बजे रवाना होगी। सेवा के पहले ही दिन यात्रियों में उत्साह देखने को मिला और बस पूरी तरह भरकर रवाना हुई। बाला जी ग्रुप के मालिक अशोक गुप्ता ने बताया यदि प्रोत्साहन मिला तो शीघ्र ही दूसरी बस भी शुरू की जाएगी। पूरी तरह से एसी की यात्रा किफायत दर में कराया जा रहा है। यात्रियों के रात में चाय पानी की व्यवस्था बस में निःशुल्क होगी।

## अडानी पुरुंगा भूमिगत कोयला खदान पर हुई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रशासन की पहल और संवादात्मक प्रयासों से धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पुरुंगा, तेन्दुमुड़ी, साम्हरसिंघा एवं कोकदार के ग्रामीणों ने मेसर्स अंबुजा सीमेंट लिमिटेड, अडानी पुरुंगा भूमिगत कोयला खदान परियोजना से संबंधित आगामी 11 नवंबर को प्रस्तावित पर्यावरणीय जनसुनवाई में शामिल होने की सहमति प्रदान की है।

ज्ञात हो कि 22 अक्टूबर को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के साथ कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ पहुंचकर जनसुनवाई निरस्त करने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा था। इस संदर्भ में कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम धरमजयगढ़ प्रवीण भगत की अध्यक्षता में गुरुवार जनपद



पंचायत धरमजयगढ़ के सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तेन्दुमुड़ी सहित आसपास के ग्रामों के सरपंच, उपसरपंच, जनप्रतिनिधि एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ग्रामीणों द्वारा उठाए गए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अडानी कंपनी के अधिकारियों ने भी अपना पक्ष रखा। एसडीएम श्री भगत ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित भूमिगत कोयला खनन परियोजना से न तो कृषि भूमि प्रभावित होगी, न ही जल जंगल जमीन को कोई नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि खनन से जलस्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वन्य जीव जंतुओं व वनोपज संसाधनों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जाएगी। इस परियोजना में खदान पूरी तरह भूमिगत होगी तथा इससे ग्रामीणों को कोई भी विस्थापन नहीं होगा, जबकि कंपनी के आगमन से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि ग्राम सभा के अधिकार, परंपराएं और पेशा एक्ट के सभी प्रावधान अपने मूल स्वरूप में सुरक्षित रहेंगे। वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरणीय मानकों का पालन कंपनी द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। कोयले का परिवहन रेल मार्ग से किया जाएगा, जिससे सड़कों पर यातायात दबाव और प्रदूषण में कमी आएगी। बैठक के अंत में ग्रामसभा के माध्यम से कंपनी, प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सकारात्मक संवाद स्थापित हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन के आश्वासनों और परियोजना संबंधी स्पष्ट जानकारी के बाद जनसुनवाई में भाग लेकर अपनी बात रखने पर सहमति जताई।

## राउरकेला पथ उत्सव कार्यक्रम विवाद में घिरा, आरटीआई में सामने आए कई सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

24 अक्टूबर राउरकेला महानगर निगम द्वारा आयोजित पथ उत्सव कार्यक्रम को लेकर नगर में असंतोष की लहर है। आरटीआई के खुलासे द्वारा कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम पर कुल 5,78,906 रुपए खर्च किए गए, लेकिन टेंडर संबंधी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। कार्यक्रम में 15 कलाकार राउरकेला से और 8 कलाकार बाहर से बुलाए गए, बावजूद इसके बाहरी कलाकारों को कोई भुगतान नहीं किया गया। आरटीआई के मुताबिक कार्यक्रम में सामाजिक संगठन, एनजीओ, ट्रस्ट या राजनीतिक दलों को आमंत्रित नहीं किया गया और प्रचार प्रसार केवल नगर निगम के



**5.78 लाख रुपए खर्च के बावजूद कार्यक्रम रहा विफल, नगर निगम पर उठे गंभीर आरोप**

ऑफिसियल मीडिया तक सीमित रहा। खर्च की राशि जानबूझकर कम बताई गई और टेंडर की जानकारी छुपाई गई। आम जनता में यह अफवाह फैल रही है कि कार्यक्रम में टैक्स के पैसे का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार किया गया। नगर निगम का कहना है कि उद्देश्य लोकल कलाकारों को प्रोत्साहित करना और बच्चों में नाट्य संस्कृति को बढ़ावा देना था, लेकिन जनता और स्कूली बच्चों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। इस विवाद ने नगर निगम की पारदर्शिता और जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### जनपद कार्यालय के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा

**पुसौर।** जनपद पंचायत पुसौर के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे द्वारा बीते दिनांक को अधिकारियों और कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें शासन के जनहित योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने आवास निर्माण कार्यों की प्रगति तेज करने पर भी विशेष जोर दिया। सूत्रों के मुताबिक बैठक समापन के बाद जनपद पंचायत प्रागण एवं नालियों की सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाए जाने को लेकर सीईओ पठारे द्वारा नाराजगी व्यक्त किए जाने तथा इस पर जल्द सुधार किए जाने के निर्देश दिए। जिन शाखा प्रभारियों को जो शाखा वितरीत की गई है उनके द्वारा अनियमितता बरती जा रही है जिसे लेकर जनपद कार्यालय में आ रहे लोग परेशान है।

## एनएसएस शिविर में युवाओं को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश अनुसार आदर्श ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंद की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रधानपुर में किया गया है। इस शिविर में पुलिस अधीक्षक आञ्जनेय वार्ष्णेय ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उनके आगमन से पूरे शिविर में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण बन गया।

मुख्य अतिथि एसपी वार्ष्णेय ने अपने उद्बोधन में डिजिटल इंडिया के सपने को साकार करने में युवाओं की भूमिका पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल साधनों का सही उपयोग कर भारत को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप



से सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, नैतिक मूल्यों तथा जैविक खेती के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। एसपी वार्ष्णेय ने कहा कि देश में बढ़ रही अजैविक खेती से पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा है। इसलिए युवाओं को जैविक खेती अपनाकर हरित भारत के निर्माण में सहयोग देना चाहिए। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी जानकारियाँ साझा की तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के अत्यंत तार्किक और प्रेरणादायक उत्तर दिए। यह कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। यह शिविर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, अनुशासन और समाजसेवा की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बना।

**योग प्रशिक्षण के साथ शुरू हुआ शिविर, बच्चों ने लिया हिस्सा**

# अभिनव स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शाउमावि महलोई में सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस में शिक्षक जगन्नाथ प्रधान के योग प्रशिक्षण के साथ शुरू हुई। इसके पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें ग्राम महलोई के गलियों की साफ-सफाई की गई। बौद्धिक चर्चा में महलोई के प्राचार्य विजय कुमार साव, सेवा निवृत्त लेखापाल डगर प्रधान, सेवा निवृत्त शिक्षक जयराम प्रधान सामाजिक कार्यकर्ता फत्ते चंद प्रधान, ग्राम पंचायत महलोई की सचिव अनिता सिदार संचालक एवं प्राचार्य अक्षय



कुमार सतपथी, वरिष्ठ शिक्षक फूल चंद गुप्ता, सनत कुमार विश्वाल सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में मां शारदे की पूजन अर्चना के साथ शुरू हुई। समस्त वक्ताओं ने स्वयं सेवकों को प्रेरित किए और यथासंभव सहयोग की बात कही। संचालक अक्षय कुमार सतपथी ने गाना गवाकर नशा मुक्ति हेतु प्रेरित किए। कार्यक्रम का संचालन ताराचंद गुप्ता द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का महलोई में तीसरा दिवस में अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शाउमावि महलोई में सात दिवसीय विशेष शिविर 21 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुका है। आज तृतीय दिवस के बौद्धिक चर्चा में स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य केंद्र बड़े भंडार से चिकित्सा सहायक विमलेश कसेर एवं कु. रश्मि भोय, जयराम प्रधान, हरिराम सिदार, आनंद भोय, फूल चंद गुप्ता, सहायक कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार विश्वाल, टी आई राहुल वैष्णव, अभिनव सतपथी, प्रांजल पंडा, अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। डाक्टर विमलेश कसेर ने विस्तार से स्वयं सेवकों को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन ताराचंद गुप्ता द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि अभिनव स्कूल प्रबंधन पुसौर ने अपने छात्रों को जन जीवन से जुडे मुद्दों से रूबरू कराने छात्रों के अवकाश के समय को सद्उपयोग कराने के मद्देनजर ये एनएसएस कैम्प को रखा गया। जिससे छात्रों को एक विशेष जानकारी प्राप्त होने का अवसर मिल रहा है।

### हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ हुई चित्रगुप्त की पूजा

**सुंदरगढ़।** सुंदरगढ़ चित्रगुप्त समाज द्वारा अपने इष्टदेव श्री श्री चित्रगुप्त भगवान की वार्षिक पूजा शुक्रवार को थानापड़ा स्थित अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुई। वर्ष 2016 में गठित इस समाज द्वारा प्रतिवर्ष भव्य रूप से यह धार्मिक आयोजन किया जाता है। पूजा कर्ता के रूप में सचिव प्रसाद ने पूजा कार्य सम्पन्न किया, जबकि मुख्य पुजारी के रूप में प्रदीप कुमार पुरोहित सुरू नाना ने विधि विधान से पूजा अनुष्ठान संपन्न कराया। समाज की महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। पूजा और प्रसाद वितरण के बाद समाज के विकास, संगठनात्मक कार्यों और नए पदाधिकारियों के चयन पर विचार विमर्श किया।

## खबर संक्षेप

### जिला विकास समन्वय समिति की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) जिला सरगुजा की बैठक 24 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे से कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा में आयोजित की जानी थी। अब संशोधित कर 25 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11.30 बजे से कार्यालय जिला पंचायत सरगुजा में आयोजित की जाएगी। संबंधित सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### खरीफ व रबी वर्ष के लिए समीक्षा बैठक 28 को

**अम्बिकापुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में खरीफ वर्ष 2025 की समीक्षा एवं रबी वर्ष 2025-26 के कार्यक्रम निर्धारण हेतु सरगुजा संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक दिनांक 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभागार सूरजपुर में संपन्न होगी। बैठक में खरीफ मौसम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, आगामी रबी मौसम के लिए कार्यक्रमों एवं लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा जिससे कृषकों को समय पर तकनीकी सहायता एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

### नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहा ग्रामीण गया जेल

**अम्बिकापुर।** घर से नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने ग्रामीण के पास से बड़ी संख्या नशीले इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। लुण्ड्रा क्षेत्र में गश्त कर रही संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि लुंड्रा थाना अंतर्गत पार्वतीपुर निवासी शैलेश पैकरा नामक व्यक्ति अपने घर से प्रतिबंधित इंजेक्शन बेच रहा है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल उड़नदस्ता टीम के साथ शैलेश पैकरा के घर दबिश दी। घर की तलाशी लेने पर एक अलमारी में एक थैले से 35 नग नशीले बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। इस दौरान मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।

### छग स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय राज्योत्सव 2 से

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 2 से 4 नवम्बर 2025 तक जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राज्य की संस्कृति, परंपरा और गौरव को दर्शाने वाले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर निवासरत कलाकारों द्वारा बैंड, संगीत, लोक नृत्य, लोक गीत तथा अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।


न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरिया
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
रा.मा.क्र ब-121 वर्ष 2024-25
ग्राम बोरिदा प ह.नं. 14
रा.नि.मं सरिया तहसील सरिया

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र साव पिता नारायण साव निवासी बोरिदा तहसील सरिया जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. के द्वारा अपने माता संतोषिनि साव का मृत्यु दिनांक 03.02.2022 (शब्दों में तीन फरवरी दो हजार बाइस) को ग्राम बोरिदा में मृत्यु होने से तथा समयावधि में पंजीयन दर्ज नहीं करा पाने से जन्म/मृत्यु पंजीयन दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र, अनुपलब्धता, चालान एवं शपथ पत्र एवं दस्तावेज के साथ प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 30.10.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी,सरिया**


### बाहर से घर में लगी थी कुंडी, सिर पर वार कर उतारा मौत के घाट, दोहरे हत्याकांड से मची सनसनी

# घर में सो रहे दंपती की हत्या, बिस्तर पर मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरिमा

घर में सो रहे बुजुर्ग दम्पति की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। दम्पति का शव उनके घर में बिस्तर पर मिला है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। संभावना जताई जा रही है कि किसी भारी वस्तु से सिर पर वार कर दोनों की हत्या की गई है। इस घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच चल रही है। निःसंतान दम्पति की हत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है लेकिन हत्यारों ने इसे चोरी की घटना का रूप देने का प्रयास किया है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत दूरस्थ क्षेत्र कुम्हरता के घाघी में 55 वर्षीय रीमा लकडा अपनी पत्नी 50 वर्षीय उर्मिला उर्फ जूली लकड़ा के साथ रहता था। बुजुर्ग दम्पति की कोई संतान नहीं है। दम्पति का भाई दुहन लकड़ा घर से आधा किमी की दूरी पर पर स्थित मकान में रहता है। बुजुर्ग दम्पति मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता है और बकरी पालन करता है। 22 अक्टूबर की शाम लगभग 6 बजे दुहन लकड़ा ने अपने भाई-भाभी को बकरियों को घर के अंदर करते हुए देखा था। इसके बाद संभावना जताई जा रही है कि दोनों रात को खाना खाकर सो गए थे। 23 अक्टूबर की सुबह गांव का एक व्यक्ति दोनों को खेत में धान काटने के लिए लेने घर आया था। इस दौरान दम्पति के घर की कुंडी बहार से लगी हुई थी। ग्रामीण ने दम्पति को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। ऐसे में उसने दरवाजे की कुंडी को खोलकर देखा तो उसके होश उड़ गए। बुजुर्ग दम्पति रीमा लकड़ा और उसकी पत्नी उर्मिला उर्फ जूली लकडा का शव जमीन पर बिस्तर पर पड़ा हुआ था। ऐसे में उसने घटना की जानकारी भाई को दी।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस, दम्पति का शव।

#### सुनसान क्षेत्र में मौजूद है मकान

बताया जा रहा है कि बुजुर्ग दम्पति का मकान ग्राम घाघी में सुनसान क्षेत्र में है। रीमा लकड़ा के मकान के आस पास कोई घर नहीं नहीं है। मृतक के घर से आधा किमी की दूरी पर उसके भाई का मकान है। ग्रामीणों के अनुसार बुजुर्ग दम्पति बेहद शांत प्रवृत्ति के थे और मिलनसार थे। उनकी कोई संतान नहीं थी और वे मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते थे। गांव में उनका किसी से कोई विवाद भी नहीं था। ऐसे में हत्या का कारण फिलहाल समझ नहीं आ रहा है।

#### घर से चोरी हुई 7 नग बकरी

बताया जा रहा है कि मृतक रीमा लकड़ा के घर से उसकी सात बकरा-बकरी भी चोरी हुई है। ऐसे में यह भी संभावना जताई जा रही है कि बकरी चोरी करने आए लोगों ने बुजुर्ग दम्पति के विरोध करने पर उनकी हत्या कर दी और शवों को बिस्तर पर लिटा दिया लेकिन घर में बिस्तर के अलावा कहीं भी खून के निशान नहीं है। ऐसे में इसकी पुष्टि नहीं हो रही है। आशंका है कि बुजुर्ग दम्पति की सोते समय हत्या की गई और फिर बकरा-बकरी चोरी कर हत्यारे घर के बाहर की कुंडी लगाकर भाग निकले। फिलहाल अधिकारी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रहे है।

#### चल रही है जांच

घटना की सूचना मिली है। पुलिस घटना की जांच करने के साथ ही कुछ संदेहियों की तलाश कर रही है। इस मामले में जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

# फिर सर्दी में ठिठुरेंगे स्मार्ट सिटी के बेसहारा लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

इस्पात नगरी में सर्द हवाओं ने दस्तक दे दी है मगर शहर के बेसहारा लोगों के लिए इस ठंड से बचने की कोई ठोस तैयारी अब तक नहीं की गई है। हर साल की तरह इस बार भी सड़कों, स्टेशन और बाजारों के किनारे खुले आसमान तले गरीब और बेघर लोग ठिठुरते नजर आएंगे।

- ठंड दस्तक देने को है तैयार, लेकिन राउरकेला नगर निगम अब तक नींद में आश्रय स्थलों की व्यवस्था अधूरी

राउरकेला नगर निगम आरएमसी की ओर से न तो नए आश्रय स्थल तैयार किए गए हैं, न ही पुराने केंद्रों को सुधारने की दिशा में कोई पहल हुई है। शहर में पावर हाउस रोड, बस स्टैंड, प्लांट साइट और राउरकेला सरकारी अस्पताल परिसर में कुल चार आश्रय स्थल संचालित हैं, जबकि सेक्टर 8 में भिक्षुकों के लिए आशा का आलोक नामक विशेष केंद्र है। इन सभी में मिलाकर करीब 300 लोगों के ठहरने की क्षमता है, लेकिन केवल बस स्टैंड और आशा का आलोक केंद्र ही आंशिक रूप से सक्रिय हैं। कठोर नियम, संचालन संबंधी दिक्कतें और जागरूकता की कमी के कारण अधिकतर केंद्र खाली पड़े हैं। अधिकांश बेसहारा लोग अपने सामान और आजीविका की सुरक्षा को लेकर आश्रय स्थलों में नहीं जाते। ऐसे में यदि नगर निगम ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो एक बार फिर राउरकेला की सर्द रातें इन बेघर लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती हैं।

## जुआ खेलने के दौरान विवाद, युवक पर चाकू से हमला

**बलरामपुर।** जुआ खेलने के दौरान हुए आपसी विवाद में एक व्यक्ति ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को जिला अस्पताल से अंबिकापुर रिफर किया गया है जहां निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। इधर इस मामले में पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि 22 अक्टूबर को ग्राम डुमरखी में कुछ लोग बैठकर जुआ खेल रहे थे। इस दौरान दलधोवा निवासी अनिल यादव और डुमरखी निवासी प्रदीप पैकरा के बीच किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपी प्रदीप पैकरा ने अनिल यादव के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में अनिल यादव गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है जहां निजी अस्पताल में उसका उपचार जारी है। इधर इस घटना के बाद प्रदीप पैकरा फरार हो गया था जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में ग्राम डुमरखी निवासी 55 वर्षीय प्रदीप पैकरा आ. स्व. गंगा प्रसाद पैकरा को बीएनएस की धारा 109 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।





### एमसीएल के वाहन की टक्कर से सांड घायल

**सुंदरगढ।** हेमगिरि ब्लॉक अंतर्गत एमसीएल बसुंधरा कार्यालय के पास एक चार पहिया कंपनी वाहन ने एक काले सांड को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना एमसीएल स्टाफ कॉलोनी स्थित स्टेट बैंक के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन को काफी दूर तक पीछा किया गया, लेकिन उसे पकड़ा नहीं जा सका। हादसे में घायल सांड दो दिनों तक सड़क किनारे तड़पता रहा। बाद में कुछ दयालु नागरिकों ने अपने खर्चे पर उसे हेमगिरि पशु चिकित्सा अस्पताल पहुंचाया, जहाँ ब्लॉक बजरंग दल अध्यक्ष पितांबर किशान और उनके सहयोगियों की देखरेख में पशु चिकित्सक श्री नंद ने उसका इलाज प्रारंभ किया।

## मज़दूरों से 10 घंटे काम के नियम का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

औद्योगिक इकाइयों में मज़दूरों से अब 8 घंटे की जगह 10 घंटे काम करवाने के प्रस्तावित नियम के खिलाफ मज़दूर संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है।

- सुंदरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र मज़दूर संघ का प्रदर्शन कहा, नया नियम बढ़ाएगा बेरोजगारी

इसी कड़ी में सुंदरगढ़ औद्योगिक क्षेत्र मज़दूर संघ की ओर से बुधवार को फैक्ट्री इंस्पेक्टर कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस आंदोलन में बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हुए। संघ ने स्पष्ट कहा कि नया नियम मजदूरों के अधिकारों का हनन है और इसके लागू होने से ओवरटाइम व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। इससे न केवल मजदूरों की आय पर असर पड़ेगा, बल्कि बेरोजगारी की समस्या भी और बढ़ेगी। पूर्व व्यवस्था के तहत मजदूर प्रतिदिन 8 घंटे की तीन शिफ्टों में काम करते थे, जिससे रोजगार के अधिक अवसर बनते थे। लेकिन नए श्रम कानून लागू होने पर दो शिफ्टों में ही काम होगा, जिससे बड़ी संख्या में श्रमिक बेरोजगार हो सकते हैं। संघ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने नियम वापस नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



## लिंक व पोस्ट पर क्लिक करने से पहले सोचें: नायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

ओडिशा साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान 2025 के तहत राउरकेला पुलिस ने सुरक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एडीशनल एसपी श्रवणी नायक ने डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए महत्वपूर्ण संदेश साझा किए।



- राउरकेला पुलिस की साइबर सुरक्षा पर जागरूकता

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सतर्क रहना आज के समय में अत्यंत जरूरी है। श्रवणी नायक ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी लिंक या पोस्ट पर क्लिक करने से पहले सोच विचार करें, जानकारी जिम्मेदारी से साझा करें और किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की तुरंत पुलिस को रिपोर्ट करें। उन्होंने साइबर बुलिंग के खतरे, ऑनलाइन ठगी के संकेत और डिजिटल सुरक्षा के अन्य उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।राउरकेला पुलिस ने इस अवसर पर लोगों से अनुरोध किया कि वे साइबर सुरक्षा को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सतर्क रहकर स्वयं और समाज को सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही साइबर अपराधों को रोकने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।


### करोड़ों की ठगी मामले में नया मोड़, पंकज की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी

**अंबिकापुर।** कोयला कारोबार को लेकर 46 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में अब नया मोड़ आया है। न्यायालय ने अब इस मामले में ठगी के शिकायत कर्ता के खिलाफ ही गिरफ्तारी वारंट जारी किया है और पुलिस को आरोपी व्यवसायी को 11 नवम्बर को न्यायालय में हाजिर करने के निर्देश दिए है। बता दें कि उड़ीसा के राउरकेला निवासी 42 वर्षीय पंकज अग्रवाल आ. स्व. लक्ष्मीचंद अग्रवाल ने ही शहर के जय हनुमान कोल डीपो के राहुल अग्रवाल व मारुति मिनरल्स के केके अग्रवाल सहित अन्य लोगों पर नीलामी का कोयला खरीदने का झांसा देकर 46 करोड़ रुपए के ठगी कि शिकायत 16 मई 2023 को की थी। इस मामले में पुलिस ने भादवि की धारा 420, 409, 34 के तहत अपराध दर्ज करने के साथ ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## 15 दिन में अतिरिक्त प्लेटफार्म का निर्माण शुरू नहीं होने पर समिति करेगी आंदोलन, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** सरगुजा क्षेत्र रेल संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने की मांग लेकर डीआरएम के नाम मुख्य स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा तथा 15 दिवस में प्लेटफार्म निर्माण प्रारंभ नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन करने की चेतावनी दी। अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, पार्किंग व्यवस्था में सुधार, नई इंटरसिटी ट्रेन संचालन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर रेल संघर्ष समिति ने स्टेशन प्रबंधक एसके सिंह से रेलवे के कंस्ट्रक्शन विभाग से जुड़े इंजीनियर मनोज कुमार गुप्ता और कॉमर्शियल इंस्पेक्टर श्री लहरे की उपस्थिति में विस्तार से चर्चा की।

प्रतिनिधियों ने प्लेटफार्म की कमी के कारण दिल्ली और जबलपुर से आने वाली ट्रेनों को कमलपुर व बिश्रामपुर में लंबे समय तक खड़ा रखने से यात्रियों को हो रही परेशानी पर चिंता जताई और सुरक्षित और सुव्यवस्थित आवाजाही के लिए ट्रेन आगमन पर अचानक बढ़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बेतरतीब ऑटो खड़ा करने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करने तथा ट्रैफिक पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की व्यवस्था को प्रभावी बनाने की मांग की। अव्यवस्थित पार्किंग और अधिक किराया वसूली की शिकायत पर कमर्शियल इंस्पेक्टर श्री लहरे ने बताया कि ठेकेदार पर 15 हजार का अर्थदण्ड लगाया गया है और सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सदस्यों ने बताया कि अंबिकापुर प्लेटफार्म पर डिजिटल डिस्पले बोर्ड सुविधा प्रारंभ नहीं करने के कारण बोगी संख्या नहीं दिखाई जाती, जिससे यात्रियों को भाग दौड़ करनी पड़ती है। जनता की सुविधा के लिए डिजिटल डिस्पले बोर्ड और फुट ओवर ब्रिज आवश्यक है। बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए अंबिकापुर-रायपुर इंटरसिटी ट्रेन प्रारंभ करने तथा शाम को चलने वाली ट्रेन का समय 4 बजे करने का प्रस्ताव भेजने की मांग की, ताकि अनूपपुर से कनेक्टिंग ट्रेन सुविधा मिल सके। आगामी रेल बजट के लिए समिति ने अंबिकापुर में यात्री सुविधाओं की बढ़ोतरी और नई रेल लाइनों के विस्तार हेतु विशेष आग्रह पत्र भेजने के लिए विचार विमर्श किया जिससे भविष्य में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने एवं प्रस्तावित योजनाओं का निष्पादन किया जा सके। इस दौरान क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी, समिति के कैलाश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, अजय तिवारी, मंगल पाण्डेय, शिवेश सिंह, अंचल ओझा, सुभाष गुप्ता, योगेश सोनी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## रील बनाने की जिद ने ली महिला की जान, चाकू के हमले से महिला की मौत

**राजपुर।** रील बनाकर इंस्टाग्राम में अपलोड करने की जिद ने महिला की जान ले ली। रील बनाने से रोकने के लिए पति ने घर की लाइट काटी तो पत्नी चाकू लेकर विवाद करने बैठ गई और चाकू को अपने सीने पर टिकाकर धमकी देने लगी।

इसी दौरान आक्रोशित पति ने लात मारकर चाकू को महिला के छाती में उतार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम अखोराखुर्द जवाखाड़ निवासी 28 वर्षीय कुंदन राम आ. मोतीराम पहाड़ी कोरवा पत्नी किरण पहाड़ी कोरवा के साथ रहता था। 22 अक्टूबर की सुबह 11.30 बजे कुंदन राम गांव के हिरनराम पहाड़ी कोरवा के घर आया और बताया कि पत्नी किरण की छाती में चाकू लग गया है। ऐसे में हिरनराम अपने साथी रामसाय के साथ कुंदनराम के घर पहुंचा। घर जाने पर देखा कि युवक की पत्नी किरण पहाड़ी कोरवा बिस्तर पर पड़ी हुई थी और उसकी छाती पर बाएं तरफ गहरे घाव से खून निकल रहा था और उसकी मौत हो चुकी थी।



### विधि विधान से की गई पूजा अर्चना

**बलरामपुर।** जिले में गुरुवार को चित्रगुप्त पूजा का सामूहिक आयोजन किया गया। भाजपा नेता जितेन्द्र श्रीवास्तव के निवास पर आयोजित पूजन कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चित्रगुप्त चित्रगुप्त भगवान की समस्त पूजन अनुष्ठान हवन आदि का कार्यक्रम पुरोहित जितेंद्र तिवारी ने संपन्न कराया। हवन के बाद आरती की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान पुलिस निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र श्रीवास्तव, पटवारी अमित श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, करण श्रीवास्तव, गणेश श्रीवास्तव, सुश्री लकी श्रीवास्तव, मोती श्रीवास्तव के साथ ही समाज के लोग मौजूद थे।

## विधि विधान से की गई भगवान चित्रगुप्त की पूजा

**अंबिकापुर।** कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर गुदरी बाजार स्थित मंदिर में समाज के प्रमुख पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराई है। इस हवन पूजन में बड़ी संख्या में कायस्थ सहित अन्य समाज के लोगों ने हिस्सा लिया।

बता दें कि कायस्थ समाज द्वारा दीपावली के बाद यम द्वितीया को भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की जाती है। चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चना को लेकर समाज के लोगों द्वारा लम्बे समय से तैयारियां की जा रही थी। मंदिर की साफ-सफाई व रंग रोगन किया गया। इसके साथ ही चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर 22 अक्टूबर को समाज के द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली गई थी। शोभा यात्रा का नगर में जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया।

### ग्रामीण कर रहे रतजगा, वन विभाग ने दी जंगल से दूर रहने की सलाह

# गांव में हाथियों ने जमाया डेरा, फसल को पहुंचाया नुकसान

**सीतापुर।** विगत तीन दिनों से नगर से सटे गांवों के जंगलों में हाथियों का दल डेरा जमाए हुए है। इस दौरान हाथियों के समूह ने खेतों में लगे धान के फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। गांवों के आसपास हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में काफी दहशत है। लोग हाथियों से जानमाल की सुरक्षा को लेकर रतजगा करने को मजबूर हैं। वन अमला हाथियों की मौजूदगी पर नजर जमाये हुए है।

विदित हो कि हाथियों का दल विगत दो दिनों से नगर से सटे ग्राम देवगढ़ में डेरा जमाए हुए था। हाथियों के इस दल में नर मादा एवं शावक समेत कुल 17 सदस्य है जो देवगढ़ के पटेल पानी जंगल मे दो दिनों से मौजूद है। इस दौरान हाथियों ने सेवानिवृत्त शिक्षक संतराम पैंकरा समेत कई किसानों के खेत मे लगे धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। दो दिनों तक देवगढ़ में डेरा जमाने के बाद हाथी ग्राम सोनतराई एवं मंगरेलगढ़ से होते हुए मांड नदी पार करके ग्राम धरमपुर पहुंच गए है जहां लिपाझरिया के जंगलों में डेरा जमाए हाथियों ने धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों की वजह से ग्राम धरमपुर निवासी अमृतलाल सलदेव शोभित सुदीखन मंत्री जुगुल एवं इसराइल के खेतों में लगी धान की फसल को नुकसान हुआ है। गांव में हाथी की मौजूदगी को लेकर वन अमला रेंजर विजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में मौके पर डटा हुआ है। लोगों को हाथियों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है ताकि कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो सके। इस संबंध में रेंजर विजय कुमार तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में कुल 17 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। वन विभाग जंगली हाथियों पर नजर जमाये हुए है। लोगों को लगातार सूचना के माध्यम से हाथियों से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।



#### गांव की बिजली आपूर्ति बंद दहशत का माहौल

वन विभाग द्वारा गांव में हाथियों की मौजूदगी की सूचना के बाद विद्युत विभाग द्वारा गांव की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है। दरअसल बिजली की चपेट में आकर होने वाली हाथियों की मौत के बाद उच्च न्यायालय द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों में बिजली काटने का निर्देश जारी किया गया था। जिसकी वजह से वन विभाग द्वारा हाथियों के आगमन की सूचना के बाद बिजली विभाग द्वारा प्रभावित गांव की बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। जिसकी वजह से धरमपुर के लोग काफी दहशत में है। उनका कहना है कि एक तो गांव में जंगली हाथियों की मौजूदगी ऊपर से गांव का बिजली बंद होने से लोग काफी दहशत में है। देर रात अगर कोई घर से निकला और सामने जंगली हाथियों से उसका सामना हो गया।ऐसी स्थिति में वो अंधेरा होने की वजह से खुद को बचा पाना संभव नहीं है और हरपल जान का खतरा है।